BABA MASTNATH UNIVERSITY
ASTHAL BOHAR, ROHTAK
Public Relations Office

Name of the Publication .....Hari Bhoomi.....
Date 08/05/2025 ..... Page .....11..... Column ..02.....
Subject नई शिक्षा नीति के तहत गुणवत्तापूर्ण एवं रोजगारपरक शिक्षा पर विशेष

नई शिक्षा नीति के तहत गुणवत्तापूर्ण एवं रोजगारपरक शिक्षा पर विशेष

बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय
दाखिला प्रक्रिया का शुभारंभ

गुणवत्तापूर्ण, नवाचार-आधारित और रोजगारोन्मुखी शिक्षा की दिशा में बढ़ रहे कदम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए दाखिला प्रक्रिया शुरू कर दी है। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार इस बार प्रवेश प्रक्रिया को नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप ढालते हुए शिक्षण प्रणाली को और अधिक लचीला, नवाचार-समर्थ और रोजगारोन्मुखी बनाया गया है। विश्वविद्यालय शिक्षा की गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए छात्रों को अब केवल सैद्धांतिक ज्ञान तक सीमित नहीं रख रहा, बल्कि उन्हें व्यावहारिक प्रशिक्षण, उद्योगों से प्रत्यक्ष जुड़ाव और बेहतर प्लेसमेंट अवसर प्रदान करने के लिए विशेष प्रयास कर रहा है। बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में वर्तमान में 14 विभागों के 80 से ज्यादा कोर्स के अंतर्गत स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा और विविध पाठ्यक्रम संचालित हो रहे हैं। इनमें इंजीनियरिंग, मेडिकल और पैरामेडिकल साइंसेज, फार्मेसी, मैनेजमेंट, कानून, कंप्यूटर साइंस, आईटी, शिक्षा, आर्ट्स, सोशल साइंस, संस्कृत, हिंदी और विज्ञान शामिल हैं। विश्वविद्यालय ने छात्रों के समग्र विकास के लिए कई नवाचार किए हैं जैसे इनोवेशन हब, इन्क्यूबेशन सेंटर, इंडस्ट्री-कनेक्ट प्रोग्राम्स, डिजि लैब्स, रिसर्च एंड डेवल स्किल डेवलपमेंट एलुमनी कनेक्ट सेल।

छात्रों में आत्मविश्वास जरूरी

कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय में शिक्षा केवल कक्षा तक सीमित नहीं है। हम छात्रों को आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और जीवन मूल्यों से युक्त एक प्रेरणादायी वातावरण प्रदान करते हैं। दाखिला प्रक्रिया को आसान, पारदर्शी और छात्र-केंद्रित बनाया गया है। छात्र सहायता केंद्र, हेल्प डेस्क, और डिजिटल पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया सरल और सुलभ बना दी गई है।

400 से अधिक युवाओं को सीधे प्ले

विश्वविद्यालय द्वारा परिसर में 2024-25 में आयोजित जॉब फेय और विदेश की 30 से अधिक राष्ट्रीय एवं बहुराष्ट्रीय कंपनियो लिया। इस दौरान 400 से अधिक युवाओं को सीधे प्लेसमेंट प्रा जो विश्वविद्यालय की इंडस्ट्री-कनेक्ट शिक्षा नीति और छात्रों क कार्यकुशलता का सशक्त प्रमाण है। कुलपति प्रो. एचएल वर्मा कि बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय केवल एक शिक्षण संस्थान क बल्कि यह एक संस्कारशाला है, जहां युवा पीढ़ी का सर्वांगीण होता है। नई शिक्षा नीति के तहत विश्वविद्यालय में मल्टीपल ए एग्जिट, स्किल-बेस्ड कोर्सेस और इनोवेशन आधारित शिक्षा क अपनाया गया है, जिससे छात्र स्वयं अपने भविष्य के निर्माता ब हमारा लक्ष्य विद्यार्थियों को केवल पाठ्यक्रम तक सीमित न रख उन्हें वैश्विक दृष्टिकोण, नेतृत्व क्षमता और आत्मनिर्भरता के अवसर करना है।